# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी दो दिवसीय बोकारो दौरे पर, आज सेल के कोलियरी में चासनाला का करेंगे भ्रमण
2. पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप।
3. भूमि अधिग्रहण याचिका पर आदेश उल्लंघन को लेकर मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस, एक व्यक्ति को दो पदों पर रखने को अदालत ने बताया नियम विरूद्ध।
4. तापमान में गिरावट से एक बार फिर ठंड की वापसी, राज्य के कई हिस्सों में सुबह कोहरे का पूर्वानुमान।
5. हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने कल वेदांत कलिंगा लांसर्स को हराया और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाईपर्स पर दर्ज की जीत।

******************

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। कल अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट का निरीक्षण किया और एक नई एयर सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। आज वे सेल की कोलियरी चासनाला परियोजना का दौरा करेंगे।

******************

पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने खनन विभाग के सचिव के साथ जवाब दाखिल किया, जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है, जिससे राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ है।

******************

झारखंड हाई कोर्ट में कल भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। याचिका में खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को नियम विरुद्ध बताया गया है।

******************

टाटानगर रेलवे स्टेशन के पास बसे 431 परिवारों को रेलवे ने 31 जनवरी तक जमीन खाली करने का नोटिस जारी किया गया है, जिसे लेकर बस्ती के लोगों ने उपायुक्त अनन्य मित्तल से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। उपायुक्त ने जानकारी दी कि इस मामले में एसडीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है जो रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का वैकल्पिक समाधान निकालने का प्रयास करेगी।

******************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहली फरवरी को वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आगामी बजट में घरेलू तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं और राजकोषीय रणनीतियों की झलक देखने को मिलेगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर के जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा– मेक इन ओडिशा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन के दौरान एक सौ से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे साढे तीन लाख नौकरियां सृजित होने की संभावना है।

राष्ट्र, आज लाला लाजपत राय की 160वीं जयंती पर उनका स्मरण कर रहा है। लाला लाजपत राय महान स्वतंत्रता सेनानी और स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता थे। पंजाब केसरी के रूप में प्रसिद्ध लाला लाजपत राय अक्टूबर 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। इस दौरान पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में गंभीर चोट लगने से उनका निधन हो गया था।

******************

प्रयागराज महाकुंभ में कल बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल, किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।

******************

गुमला जिला उपायुक्त ने जिले में वित्तीय वर्ष 2024 – 25 के अंतर्गत केसीसी, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई के अंतर्गत आने वाली योजनाओं को लेकर समीक्षा की।

******************

सिमडेगा के बोलबा थाना क्षेत्र में लकवाग्रस्त एक व्यक्ति की हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने जानकारी दी है कि हत्या का कारण जादू–टोना का शक बताया गया है।

******************

राज्य में एक बार फिर ठंड लौट आयी है और पिछले 24 घंटों में ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम केंद्र, रांची से मिली जानकारी के अनुसार 29 जनवरी से 2 फरवरी तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में सुबह कोहरा रहेगा, उसके बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी।

******************

पुरुष हॉकी इंडिया लीग में, सूरमा हॉकी क्लब ने कल वेदांत कलिंगा लांसर्स को 5–3 से हरा दिया। राउरकेला में कल एक अन्य मैच में, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एस.जी. पाइपर्स पर 2–1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही बंगाल टाइगर्स की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जबकि सूरमा हॉकी क्लब तीसरे स्थान पर है। आज, गोनासिका का सामना हैदराबाद तूफान से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर ने लिखा है –वक्फ संशोधन बिल जेपीसी से मंजूर, संपत्ति पर दावे को दे सकेंगे चुनौती

हिंदुस्तान ने झारखंड के अस्पतालों में संचालन के लिए नए पद सृजित किए जाने की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है

इधर दैनिक भास्कर ने दैनिक भास्कर ने अपनी एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में रांची के दर्जनों युवा फर्जी वीजा गैंग के चंगुल में फंस जाने की खबर को अपनी लीड बनाई है

रांची एक्सप्रेस में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किए जाने की खबर को पहले पन्ने पर लिया है

***************